हाईकोर्ट के आदेश के बाद करतारपुरा नाले को पक्का करने की तैयारी में जुटा प्रशासन

22 गोदाम से लेकर गुर्जर की थड़ी जंक्शन तक पुनः पीटी सर्वे व ड्रोन सर्वे कराया जाएगा

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर के करतारपुरा नाले को पक्का किया जायेगा। इसके लिए 22 गोदाम से गुर्जर की थड़ी जंक्शन तक पुनः पीटी सर्वे और ड्रोन सर्वे कराया जायेगा। इसके बाद प्रोजेक्ट बनाकर नाले को पक्का करने का काम शुरू किया जाएगा।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद शुक्रवार को कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित और जेडीए कमिश्नर रवि जैन ने करतारपुरा नाले का निरीक्षण किया। दोनों ने जेडीए, जिला प्रशासन, पुलिस व नगर निगम के अधिकारियों के साथ करतारपुरा नाले के विकास पर चर्चा की।

जेडीसी ने कलक्टर से कहा कि राजस्व एवं सेटलमेंट विभाग के समन्वय से करतारपुरा नाले का डीजीपीएस सर्वे करा शीघ्र रिपोर्ट करावें, ताकि इस सर्वे के आधार पर नाले की चौडाई एवं सेंटर पोईन्ट का निर्धारण किया जा सके। जेडीसी को मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि प्रवर्तन शाखा की ओर से करतारपुरा नाला बहाव क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण एवं निर्माण नहीं हो, इसके लिए गार्ड्स लगाकर निंरतर राउण्ड द क्लॉक प्रभावी मॉनिटरिंग करवाई जा रही है। दौरे के दोरान जोन उपायुक्त बलवंत सिंह लिग्री सहित अन्य अधिकारी साथ रहे। जेडीसी रवि जैन ने बताया कि करतारपुरा नाले का पुनः पीटी सर्वे का काम शुरू करवाया जाएगा।

इसके साथ ही निदेशक अभियांत्रिकी-4 को पुनः ड्रोन सर्वे करवाने के निर्देश दे दिए गए है। जेडीए और जिला प्रशासन की ओर से पीटी सर्वे एवं ड्रोन सर्वे के बाद करतारपुरा नाले को पक्का करने की कार्य योजना तैयार की जाएगी।

जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित और जेडीए कमिश्नर रवि जैन ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ करतारपुरा नाला क्षेत्र का जायजा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

■ जेडीसी ने कलेक्टर से कहा कि राजस्व एवं सेटलमेंट विभाग के समन्वय से करतारपुरा नाले का डीजीपीएस सर्वे करा शीघ्र रिपोर्ट करावें, ताकि इस सर्वे के आधार पर नाले की चौडाई एवं सेंटर पोईन्ट का निर्धारण किया जा सके।

सैकड़ों बेरोजगारों ने किया प्रदर्शन

जयपुर । प्रदेश के बेरोजगार युवाओं ने एक बार फिर राज्रू सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सूचना सहायक, अध्यापक भर्ती परीक्षा की विज्ञिप्त और परीक्षा तिथि जारी करने की मांग की मांग को लेकर शुक्रवार को सैकड़ों युवा बेरोजगारों ने राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव के नेतृत्व में कर्मचारी चयन बोर्ड का घेराव किया। युवाओं ने काफी देर तक विरोध-प्रदर्शन करते हुए सूचना सहायक, अध्यापक भर्ती परीक्षा की विज्ञिप्त और परीक्षा तिथि जारी करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने इन दोनों भर्तियों में पद बढ़वाने, प्रयोगशाला सहायक, पशुधन सहायक, जलधारी, मोटर वाहन उपनिरीक्षक सहित बोर्ड की अन्य भर्तियों की मांगों को लेकर कर्मचारी चयन बोर्ड चेयरमैन हरिप्रसाद शर्मा को ज्ञापन सौंपा। उपेन यादव ने बताया कि बोर्ड अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने उन्हें आश्वास्त किया है कि पहले अध्यापक भर्ती की विज्ञिप्त व परीक्षा तिथि जारी होगी, उसके बाद सूचना सहायक भर्ती की विज्ञिप्त जारी होगी।

वनरक्षक भर्ती में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी

जयपुर (कासं)। बजाज नगर इलाके में वनरक्षक भर्ती में नौकरी लगाने के नाम पर पांच लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि चौमूं निवासी गोपाल लाल जाट ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित शिवाय सिंह शेखावत नाम के व्यक्ति ने उसके भांजे से संपर्क किया। जिस पर शिवाय सिंह ने दो बहनों को एक साथ वनरक्षक मैं नौकरी लगाने की बात कही। साथ ही आरोपी ने नौकरी लगाने के लिए पांच लाख रुपये की डिमांड की।

इस पर परिवार लोगों ने घर के जेवरात गिरवी रखकर रुपये जमा किए। आरोपी ने रुपये लेने के लिए उन्हें 3 दिसम्बर को शिक्षा संकुल के पास बुलाया। जहां आरोपी ने 5 लाख रुपये लेकर आश्वासन दिया कि वह दोनों ही बहनों की नौकरी वनरक्षक के पद पर लगवा देगा। आरोपी ने खुद की मंत्रियों व अन्य विभागीय अधिकारियों के अच्छे संबंध बताए। कुछ दिनों के बाद वनरक्षक भर्ती का परिणाम आने पर जब दोनों ही बच्चियों का नाम उसमें नहीं था तो उन्होंने शिवाय सिंह शेखावत से संपर्क किया।

आरोपी उस दौरान भी जल्द दूसरी लिस्ट आने की बात कही। कुछ दिन बीत जाने के बाद जब पीड़ित ने दोबारा से शेखावत से संपर्क साधा तो आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया और साथ ही किसी तरह उसके घर पहुंच कर संपर्क किया तो रूपये देने से मना कर दिया। धोखाधड़ी का पता चलने पर थाने पहुंचकर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

■ दो युवतियों से इस भर्ती में नौकरी लगाने के नाम पर आरोपी ने पांच लाख रुपये ऐंठे थे

राष्ट्रीय जंबूरी की तैयारियों पर चर्चा

पाली के रोहट में 4 से 10 जनवरी के बीच होगा आयोजन

उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित बैठक में स्काउट गाइड व रेलवे के अधिकारियों ने पाली में होने वाली राष्ट्रीय जंबूरी की तैयारियों पर चर्चा की।

जयपुर (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में शुक्रवार को भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय के निदेशक, राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड तथा उत्तर पश्चिम रेलवे राज्य भारत स्काउट एण्ड गाइड के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय जंबूरी की व्यवस्थाओं के लिए समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार 18 वीं राष्ट्रीय जंबूरी प्रदेश के पाली जिले के रोहट में होगा। यह जंबूरी 4 से 10 जनवरी तक आयोजित की जानी है। बैठक में राष्ट्रीय जंबूरी की पूर्व तैयारियों एवं रेलवे से संबंधित विभिन्न सहायता के मद्देनजर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में पाली, जोधपुर, भगत की कोठी एवं रोहट स्टेशनों पर आने वाले प्रतिभागियों की सहायता के लिए विभिन्न पूछताछ काउंटर, आरक्षण काउंटर, कोच प्लेसमेंट तथा पार्किंग इत्यादि सुविधाओं हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में जोधपुर मंडल की मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडे भी उपस्थित रही। उन्होंने राज्य एवं राष्ट्रीय मुख्यालय के पदाधिकारियों को रेलवे के जोधपुर मंडल की ओर से समुचित सुविधाएं मुहैया कराने का आश्वासन दिया। बैठक में कई अधिकारी मौजूद रहे।

मंदिर निर्माण के लिए कलश यात्रा

जयपुर । राजधानी जयपुर के गुरू बाई फार्म हाउस खोरा-बीसल जयरापुरा रोड दतावता गांव जयपुर में शुक्रवार को मंदिर निर्माण और मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में चलते विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में सैकडों की संख्या में महिलाओं सहित अद्धर्नारी स्वर (किन्नर) शामिल हुई। यह कलश यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए मंदिर प्रागण में पहुंची।

आयोजन कर्ता गुरू मां बाई लैला बाई ने बताया कि गुरू बाई फार्म हाउस खोरा-बीसल जयरापुरा रोड दतावता गांव जयपुर में शुक्रवार को पौष तिथि 145वां बेचरा माता,शादरा मैया और शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। वहीं शनिवार को गणेश जी, बजरंग बली का पाट्उत्सव व पौष बडा महाप्रसादी सहित भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित

जयपुर (कासं)। अनाथ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा मुहैया करवाने में जुटी सत्यचित्त पुष्पानंद सामाजिक विकास संस्था के 14वें स्थापना दिवस पर जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। सर्दी के इस मौसम में स्वेटर पाकर सैकड़ों बच्चों के चेहरे खुशी से चमक उठे।

संस्था संरक्षक एवं अध्यात्म गुरु व कथा प्रवक्ता खगुल कृष्ण महाराज ने संस्था द्वारा बीते 13 वर्षों में शहर में लगाए गए सैकड़ों स्वास्थ्य जांच शिविर, बच्चों को फ्री ट्यूशन, पोषक आहार व संजीवनी के रूप में होनहार जरूरतमंद सैकड़ों बच्चों को छात्रवृत्ति देने की तारीफ की।

संस्था की संस्थापक सचिव रीता पाठक ने बताया कि सत्यचित्त पुष्पानंद सामाजिक संस्थान की टीम समय-समय पर निर्धन बस्तियों में जाकर निर्धन बच्चों की शिक्षा प्रबंधन के तमाम प्रयास करती है। बीते 13 वर्षों में संस्था ने बिना किसी सरकारी मदद के स्वयं के प्रयासों से समाजसेवियों की मदद से अनगिनत सामाजिक कार्य करवाए। संस्था के स्थापना दिवस पर प्रतिदिन बच्चों को पूर्ण आहार व एसएमएस हॉस्पिटल, व बांगड़ हॉस्पिटल में प्रतिदिन गरीब मरीजों व उनके परिजनों को दोपहर का भोजन वितरित करने का भी संकल्प लिया।

सत्यचित्त पुष्पा नंद सामाजिक विकास संस्था की संस्थापक सचिव रीता पाठक ने शहर के निर्धन बच्चों को स्वेटर वितरित कीं।

न्यायिक प्रकरणों की समीक्षा

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास आयुक्त रवि जैन ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक लेकर न्यायिक प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने तमाम प्रभारी अधिकारियों, उपायुक्तों व प्रवर्तन अधिकारियों को जयपुर विकास आयुक्त के स्तर से अवमानना प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही करने और शीघ्र जवाब पेश करने के निर्देश दिये।

बैठक में निदेशक विधि ने बताया कि न्यायिक निर्णयों की अनुपालना व रेड कैटेगरी (10 करोड़ से अधिक के वित्तीय प्रकरण, पॉलिसी मैटर, आमजन से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य, अवमानना के मामले) एवं लंबे समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करने की आवश्यकता है। इस पर जेडीसी रवि जैन ने सभी संबंधित अधिकारियों को न्यायिक निर्णयों की अनुपालना व रेड कैटेगरी व लंबित प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारित करने के निर्देश दिये।

सांगानेर में थड़ी-ठेले संचालकों को धमकाने वाला बदमाश गिरफ्तार

फायरिंग व आर्म्स एक्ट मामले में भी फरार था आरोपी

जयपुर । सांगानेर पुलिस ने फायरिंग व आर्म्स एक्ट मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी टोंक स्थित पीपलू निवासी बाबूलाल बराला को गिरफ्तार किया है, वह लंबे समय से फरार था। सांगानेर पुलिस को शुक्रवार को सूचना मिली कि श्योपुर रोड पर एक व्यक्ति थड़ी-ठेले वालों को डरा-धमका रहा है और स्वयं को बड़ा बदमाश बता रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल सूरज मीणा, केदारमल, कांस्टेबल मुकेश आरोपी को पकड़ने के लिए गए। पुलिस ने मौके पर आरोपी को दबोच लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले आर्म्स एक्ट व मारपीट के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी के खिलाफ सांगानेर व प्रताप नगर पुलिस थाने में आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है। वहीं टोंक के टोडारायसिंह के एक मामले में आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रहीं है।

सांगानेर थाना पुलिस ने फायरिंग व आर्म्स एक्ट मामले में फरार आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

जेकेके में चित्र महोत्सव शुरू

जयपुर, (कासं)। केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के ट्राइफेड क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से जवाहर कला केंद्र में शुक्रवार को आदि चित्र महोत्सव का शुभारंभ हुआ। 18 दिसंबर तक चलने वाले पेंटिंग प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों की विशिष्ट आदिवासी पेंटिंग कला गोंड, भील, वार्ली व पिथोरा आदि पेंटिंग्स का प्रदर्शन व बिक्री की जाएगी। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आदिवासी चित्रकारों की कला को जन-जन तक पहुंचना और देश विदेश में ख्याति दिलवाना तथा उनको आजीविका उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी का जवाहर कला केंद्र की सुदर्शन कला दीर्घा में पत्र सूचना कार्यालय की निदेशक ऋतु शुक्ला ने उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आदिवासी कला को आगे लाने के अवसर मिलेंगे। इस प्रदर्शनी में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा और राजस्थान के आदिवासी चित्रकारों द्वारा बनाई गई लगभग 300 चित्रकारी प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी का क्युरेशन राजस्थान ललित कला अकादमी के अध्यक्ष प्रो. चिन्मय मेहता ने किया है। प्रदर्शनी का आयोजन क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप शर्मा के निर्देशन में किया जा रहा है।

सूने मकानों में चोरी करने वाले दो नकबजन दबोचे

जयपुर (कासं)। राजधानी की करणी विहार थाना पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफास कर दो शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी का माल बिकवाने वाले बिचौलिया को भी पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 80 ग्राम सोना, पांच सौ ग्राम चांदी व टैम्पो टैक्सी बरामद की है।

डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा ने बताया कि पीड़ित जितेन्द्र कुमार जैन निवासी नवजीवन विहार गांधी पथ वेस्ट लालारपुरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 25 नंवम्बर को घर का ताला लगाकर परिवार सहित उदयपुर गया था। 27 नंवम्बर को जब वह वापस जयपुर आया तो घर के ताले टूटे हुए मिले। घर में रखा कीमती सामान गायब मिला। बदमाशों को पकड़ने के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रामसिंह के निर्देशन में तथा सहायक पुलिस आयुक्त वैशाली नगर आलोक कुमार के सुपरविजन में करणी विहार थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले साथ ही मुखबिर से सूचना एकत्रित की। इस दौरान पुलिस टीम ने वारदात में काम लिया गए गए टैम्पों की तलाश की। काफी मशक्कत के बाद कांस्टेबल बीरबल, रामवतार व कमलेश कुमार ने टैम्पों को गांधी पथ पर दिखाई देने पर उसका पीछा किया। पुलिस कर्मियों ने टैम्पो को रोककर उसमे बैठे दो लोगों को पूछताछ के लिए थाने लेकर आए। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना कबूला, तब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी का माल बिकवाने वाले एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 80 ग्राम सोना व पांच सौ ग्राम चांदी बरामद की। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिन में टैम्पो से सूने मकानों की रैकी करते थे। रात को चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। इस दौरान टैम्पों को थोड़ी दूरी पर मुख्य सड़क के किनारे खड़ा कर देते थे। वारदात के बाद इसमें सवार होकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपी शाहरूख व नरेन्द्र सिंह मीणा उर्फ नंदा निवासी चाकसू, हाल किराएदार पिंकसिटी गार्डन के पास मित्र विहार करणी विहार तथा विनोदपुरी उर्फ मनोज निवासी पदमपुरा हाल पंचवटी कॉलोनी सोड़ाला है।

सार-समाचार

तलत अजीज ने दी गजल की प्रस्तुति

जयपुर । मशहूर गजल गायक तलत अजीज एक दिवसीय यात्रा पर जयपुर आये। यहां उन्होंने सी-स्कीम स्थित एक होटल में अजॉय कल्ला और जया कल्ला के पुत्र आशीष कल्ला के विवाह की पूर्व संध्या पर आयोजित सगाई और संगीत समारोह में हिस्सा लिया। तलत अजीज इस समारोह में करीब दो घंटे रुके। उन्होंने आशीष कल्ला के अनुरोध पर अपनी एक प्रसिद्ध गजल जिंदगी जब भी तेरी बज्म में लाती है... हमें भी गाई। उन्होंने वर-वधु आशीष और रैना को दीर्घ-सुखी वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

फूड फेस्टिवल '56 भोग उत्सव' शुरू

जयपुर, (का.सं.)। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने शुक्रवार को राजस्थान हाट (जल महल) में चार दिवसीय फूड फेस्टिवल 56 भोग उत्सव- 2022 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से जिलों के मशहूर उत्पाद राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। उद्योग मंत्री ने कहा कि उद्योग विभाग व उद्यम प्रोत्साहन संस्थान की ओर से आयोजित यह आयोजन प्रदेश के उत्पादों की छवि को निखारने का महत्वपूर्ण कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि उत्सव में राजस्थान के स्वादिष्ट व्यंजन, प्रसिद्ध मसालों, मिठाइयों, नमकीन, विशिष्ट खाद्य पदार्थों एवं रसोई से जुड़े परम्परागत, प्राकृतिक एवं आधुनिक उपकरण एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे। रावत ने कहा कि प्रदेश भर के व्यजनों, मसालों की उत्कृष्टता एवं क्षेत्रीय विविधता से स्थानीय और पर्यटकों को रूबरू करवाने के लिए यह विशेष आयोजन रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य जिलों में चल रहे व्यंजनों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना और उनकी ख्याति राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। उद्योग आयुक्त महेंद्र पारख ने बताया कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों से बेहतरीन व्यजनों को चयनित कर आगंतुकों के लिए प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आमजन प्रातः 11 बजे से सायं 9 बजे तक व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं।

प्रदेश के 12 खिलाड़ी मुंबई रवाना हुए

जयपुर । मुंबई में शनिवार से होने जा रहे नेशनल ट्रांसप्लांट गेम्स-2022 में शामिल होने के लिए राजस्थान के 12 खिलाड़ियों का दल शुक्रवार को मुंबई रवाना हुआ। दल का प्रतिनिधित्व कर रहे रोटेरियन हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि इस दल में 2 हार्ट रिसीपिएंट, 8 किडनी रिसीपिएंट व 2 अंगदाता शामिल है। इन खेलों का आयोजन नर्मदा किडनी फाउंडेशन की ओर से हर वर्ष किया जाता है जिसमें देश के सभी राज्यों से अंग प्राप्तकर्ता व अंगदाता शामिल होते है। इन खेलों के आयोजन का मुख्य उद्देश अंगदान को बढ़ावा देना व अंग प्रत्यारोपण के बाद के जीवन के प्रति लोगों में फैली भ्रांतियों को दूर करना है। समाज को यह संदेश देना है कि अंग प्रत्यारोपण के बाद भी अंग प्राप्त करने वाला और अंगदान करने वाला दोनों स्वस्थ जीवन जीते है। राजस्थान की टीम के प्रायोजक रोटरी क्लब जयपुर रॉयल व किडनी पेशंट्स वेलफेयर सोसाइटी है। रोटरी क्लब अध्यक्ष अरुण बगड़िया, सचिव डॉ रोहन गुप्ता व सोसायटी के सचिव अमित शर्मा ने दल के सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

केन्या में राजस्थान स्थापना दिवस मनाने पर चर्चा हुई

जयपुर । राजस्थान एसोसिएशन ऑफ केन्या के फाउंडर प्रेसिडेंट डॉ. सोनवीर सिंह ने शुक्रवार को जयपुर स्थित योजना भवन में कमिश्नर, राजस्थान फाउंडेशन धीरज श्रीवास्तव से अनौपचारिक मुलाकात की। इस बैठक में डॉ. सोनवीर सिंह ने धीरज श्रीवास्तव को बताया कि केन्या के नैरोबी शहर में राजस्थान स्थापना दिवस का सेलिब्रेशन 2 अप्रैल 2023 को अत्यधिक उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस सेलिब्रेशन में शामिल होने के उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, शकुंतला रावत, राजस्थान फाउंडेशन कमिश्नर और सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को अनौपचारिक रूप से आमंत्रित किया।

राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि अशोक गहलोत की दूरदर्शी सोच और विज़न के अनुरूप प्रवासी राजस्थानियों को उनकी मातृभूमि से जोड़ने के उद्देश्य के तहत राजस्थान फाउंडेशन कार्यरत है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रख कर यूरोप, यूएस, ब्रिटेन, दुबई, केन्या एवं अन्य देश जहां प्रवासी राजस्थानी बड़ी संख्या में कार्यरत है, वहाँ राजस्थान फाउंडेशन अपनी पहुँच बढ़ा रहा है।

कमिश्नर, राजस्थान फाउंडेशन ने आगे बताया कि भारत सरकार द्वारा 8 से 10 जनवरी 2023 को इंदौर, मध्य प्रदेश में 17वां प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विश्व भर से प्रवासी भारतीय और प्रवासी राजस्थानी शामिल होंगे। हमारे लिए यह बेहतरीन अवसर होगा जब प्रवासी राजस्थानियों से राजस्थान सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल की बैठक आयोजित करवायी जायेगी। डॉ. सोनवीर सिंह ने बताया कि केन्या से लगभग 50 प्रवासियों का प्रतिनिधि मण्डल प्रवासी भारतीय दिवस में शिरकत करने आ रहा है। राजस्थान स्थापना दिवस सेलिब्रेशन पर केन्या में रह रहे राजस्थानियों को पारम्परिक साफे पहनाकर व राजस्थानी लोक संगीत के कार्यक्रम आयोजित करवाये जायेंगे। डॉ. सिंह ने बताया कि 4 दिवसीय इस सेलिब्रेशन में राजस्थान से फोर्टी एवं आरतिया जैसे औद्योगिक संगठनों का भी सहयोग मिलेगा।

पुरानी-जर्जर पेयजल पाइपलाइन बदलेंगी

जयपुर । जयपुर शहर खासकर परकोटे की पेयजल व्यवस्था में सुधार एवं पुरानी पाइप लाइन बदलने की जलदाय मंत्री डॉ.महेश जोशी की सकारात्मक पहल के मद्देनजर जलदाय विभाग ने चारदीवारी एवं आसपास के क्षेत्रों में पुरानी लाइनें बदलकर नई लाइनें डालने और शहरी जल योजनाओं का संवर्धन कर सप्लाई सुचारू बनाने के लिए 239 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है।

जलदाय विभाग, जयपुर परकोटे की चौकड़ी गंगापोल, चौकड़ी घाटघेट, चौकड़ी विश्वेश्वरजी, चौकड़ी रामचन्द्र, पुरानी बस्ती, तोपखाना हजूरी, तोपखाना देश, अमृतपुरी, लक्ष्मीनारायपुरी, मंडी खटीकान और कंवर नगर में पुरानी पाइप लाइन बदलेगा, आवश्यकतानुसार नई पाइप लाइन डाली जाएगी। इससे इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्रदूषित पानी से निजात मिलेगी एवं पेयजल आपूर्ति सुचारू हो सकेगी। बीसलपुर परियोजना के लाभ से वंचित आमेर की ढाणियां, देवीखोल, चौमारिया, कनक घाटी, घाट के बालाजी, नाहरसिंह कॉलोनी, जग्गा की बावडी, मीणा बस्ती एवं पुराना घाट क्षेत्रों को बीसलपुर से जोड़ने के लिए आधारभूत संरचना बनाई जाएंगी।

लाहोटी ने निकाली 'जनाक्रोश रैली'

कांग्रेस सरकार पर कुशासन और जंगलराज का आरोप लगाते हुए सांगानेर विधायक आमजन से मिलने पहुंचे

जयपुर । सांगानेर विधायक एवं पूर्व महापौर जयपुर डॉ. अशोक लाहोटी ने शुक्रवार को राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर कुशासन, जंगलराज का आरोप लगाते हुए वार्ड 83, 88 व में "जन आक्रोश रैली" निकाली। इस रैली को विधायक लाहोटी ने रामपुरा रेलवे फाटक से रवाना किया। उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं रामपुरा फाटक से केशर चौराहा तक यात्रा में पूरे रास्ते पैदल चलकर आमजन से मुलाकात की और नुक्कड़ सभाएं संबोधित की। लाहोटी ने कहा कि आज प्रदेश के हर गली मौहल्ले में फैल रहे अपराध से डर व भय के माहौल के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा विकास के काम ठप होने, क्षेत्र में चारों तरफ फैल रही गंदगी, ना कचरे की गाड़ी आती है, ना ही सफाई हो रही है, मुख्य बाजार व कॉलोनियों में गंदा पानी भरा हुआ है, पानी निकासी व सीवरेज व्यवस्था न होने से लोग परेशान हैं।